पत्रक

{General Rules (civil), Rule 103, Appendix 'B', From No. 9}

न्यायालय सहायक कलक्टर एंव कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट–ट्रेक) नवलगढ

पीठासीन अधिकारी– दमयंती कंवर आर.ए.एस. नवलगढ़

मंगलचन्द पुत्र जयराम जाति जाट निवासी डूडियों का बास तन कारी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनू।	**–बनाम–**	**जयराम पुत्र जैसाराम जाति जाट निवासी डूडियो का बास तन कारी तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनू वगैरह।**
किस्म मुकदमा – प्रा0 पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा		**मु.नं. 08.../2022** **GCMS No**

आदेश	कार्यवाही विवरण	पालना के क्रमांक व दिनांक
03.02.2022	आज यह प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा आवेदक की ओर से वकील **श्री सुरेन्द्र कुमार भर्रा** द्वारा विरूद्व अनावेदकगण बाबत् अस्थाई निषेधाज्ञा पेश किया। प्रार्थना पत्र बाद अवलोकन कर दर्ज रजिस्टर किया गया। वकील आवेदक द्वारा प्रकरण मे निवेदन किया कि ताफैसला दावा अनावेदकगण संख्या 1 लगायत 5 को जरिये अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द फरमाया जावे कि वाके ग्राम डूडियो का बास तन कारी तहसील नवलगढ की सरहद में भूमि खाता संख्या नया 19 पुरान 16 के अन्तर्गत भूमि खसरा नम्बर 1443, 1481, 1482, 1484, 1875/1478, 1876/1485, 1448 रकबा क्रमशः 0.81, 0.03, 1.77, 0.61, 0.15, 0.06, 0.97 हैक्टर कुल किता 6 कुल रकबा 3.43 हैक्टर भूमि का जब तक बंटवारा नही हा जाता है तब तक उक्त विवादित भूमि में किसी भी प्रकार का कोई निर्माण कार्य नही करे, विशिष्ट भाग पर कब्जा नही करे, खुर्द–बुर्द नही करे, अनावेदक संख्या 1 के द्वारा किसी भी अन्य व्यक्ति को विवादित भूमि को विक्रय नही करे उक्त कृत्य न तो स्वये करे और न ही किसी नौकर चाकर या रिश्तेदार आदि से करवाये। विवादित भूमि के संबंध में मौके एव रिकार्ड की यथास्थिति बनाये रखे। प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों एवं संलग्न प्रस्तुत दस्तावेजात का अवलोकन करते हुये आवेदक वकील को एक पक्षीय सुना गया। प्रथम दृष्टया आवेदक वकील का उक्त कथन उचीत प्रतीत होता है। अतः अनावेदकगण संख्या 1 लगायत 5 को जरिये अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है कि वे आगामी तारीख पेशी तक वाके राजस्व ग्राम डूडियो का बास तन कारी तहसील नवलगढ की सरहद में भूमि खाता संख्या नया 19 पुरान 16 के अन्तर्गत भूमि खसरा नम्बर 1443, 1481, 1482, 1484, 1875/1478, 1876/1485, 1448 रकबा क्रमशः 0.81, 0.03, 1.77, 0.61, 0.15, 0.06, 0.97 हैक्टर कुल किता 6 कुल रकबा 3.43 हैक्टर भूमि के मोके व रिकार्ड की यथास्थिति बनाये रखेगे अनावेदकगण की तलबी आवेदक के खर्चे पर जरिये रजिस्टर्ड डाक जारी हो। इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करे। पत्रावली वास्ते तलबी दिनांक 09.03.2022 को पेश हो। **दमयंती कंवर (R.A.S.)** **ए.सी.ई.एम. (फा.ट्रे.)** **नवलगढ़**	
7/4/22	प्रा० पत्र मिसल तलबी का पेश होने पर पत्रावली आज तलब की गई। वाद वादी खारिज हो चुका है। वाद खारिज [illegible] पर प्रा० पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा [illegible] नहीं रह जाता है। अतः प्रा० पत्र भी उसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश दिनांक 3/2/22 को भी अपास्त किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Damyanti Kanwar
Date: 2022.08.25 12:25:34 IST
Reason: SelfAttested

ए. सी. ई. एम. (फा. ट्रे.) नवलगढ़